श्याम मंजूर करो

खाटू वाले मुझे बुलाले,ये मेरी अरदास श्याम मंजूर करो,

खाटू हे प्रभु धाम तेरा,रटता हु नाम तेरा,
भक्तो के मन को मोहे,ऐसा रूप हे श्याम तेरा,
हम सेवक विनती करते हे,करो ह्रदय में बास,
श्याम मंजूर करो............

जिसने तेरा नाम जपा,उसका आवागमन मिटा,
प्रेम भाव से नाम लिया,जनम जनम का पाप कटा,
जगदाधार तुम्ही हो भगवन,करो भक्ति प्रकाश,
श्याम मंजूर करो...........

भावभंजन दुक्खहार तुहि,कलियुग का अवतार तू ही,
सबका हे करतार तू ही,निराकार साकार तुहि,
बाबा श्याम करू में विनती,रहू चरण का दास,
श्याम मंजूर करो.........

आया हु में सरन तेरी, रखो लाज अब श्याम मेरी,
मातृदत यह अरज करि,सदा करो प्रतिपाल हरी,
चरण कमल को लियो आसरो,मन की मिटादो त्रास,
श्याम मंजूर करो.........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/2922/title/khatu-vale-mujhe-bhulaye-ye-meri-ardas-shyam-manjor-karo-khatu-he-prabhu-dham-tera-rattaa-hu-naam-tera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |